हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

11 संगठन की मजबूती और मन की बात को लेकर...



12 हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों के मुआवजे ...



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे 16 जून तक पूरा होगा

**चरखी दादरी।** ज्ञान भारतम् मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे का कार्य 16 जून तक पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागों के सहयोग से 167 सर्वेयर नियुक्त किए हैं। अब तक कई गांवों से ऐतिहासिक महत्व के दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्य की समीक्षा की। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने पास मौजूद पुरानी पांडुलिपियों की जानकारी प्रशासन को दें। दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन कर उन्हें वापस संबंधित धारकों को सौंप दिया जाएगा।

### विकेश शर्मा बने पैक्स के प्रधान

**बाढ़ड़ा।** गांव हुई की सहकारी समिति के पैक्स चुनाव में विकेश शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। समिति कार्यालय में डीओ उमेद सिंह की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। धर्मबीर सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव में समिति सदस्यों नसीब, दर्शना, धर्मबीर सिंह और विकेश कुमार ने भाग लिया। नई कमेटी के गठन के बाद ग्रामीणों ने विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर भीम सिंह, रोहताश, नरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश, संदीप धनखड़, मंजीत और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। नई टीम से सहकारी समिति के विकास और ग्रामीणों के हित में बेहतर कार्य की उम्मीद जताई गई।

### राकेश सिहाग को जिला प्रधान की जिम्मेदारी

**भिवानी।** जिला नर्सिंग एसोसिएशन के चुनाव में राकेश सिहाग को जिला प्रधान चुना गया। वे लोहारू उपमंडल नागरिक अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चुनाव में उन्होंने 195 वोट हासिल कर प्रतिद्वंद्वी कविता को हराया। चुनाव में भिवानी, लोहारू, सिवानी, तोशाम, बवानी खेड़ा और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के नर्सिंग कर्मचारियों ने भाग लिया। उनकी जीत पर लोहारू एसडीएच स्टाफ में खुशी का माहौल रहा। राकेश सिहाग ने कहा कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं और हितों को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी।

### हेरोइन सप्लायर को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने हेरोइन सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले अनूप और सनी नामक आरोपियों को 5.66 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा था। पूछताछ में अनूप ने बताया कि उसे यह नशा रोहतक निवासी बंटी ने सप्लाई किया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 मई को रोहतक से आरोपी बंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बंटी पुत्र रामकिशन निवासी रौनकपुरा मोहल्ला के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है तथा नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

## तीन साल से बूंद-बूंद को तरस रहे क्षेत्रवासी, अधिकारी नहीं ले रहे सुध : कालिया

सिर्फ दस मिनट कभी कभी आती है सप्लाई

# दादरी गेट व ढाणा रोड पर पेयजल संकट लोगों ने विधायक आवास पर किया हंगामा

■ अधिकारियों की घोर लापरवाही और सुस्ती के कारण सैकड़ों परिवार नरकीय जीवन जीने को हैं मजबूर : भगवानदास कालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते क्षेत्रवासी और विधायक के निर्देशों के बाद पाइप लाइन को दुरुस्त करते कर्मचारी।

दादरी गेट और ढाणा रोड क्षेत्र में पीने के पानी की भारी किल्लत को लेकर निवासियों का धैर्य अब जवाब दे गया है। पिछले कई महीनों और कुछ गलियों में तो पिछले 3 सालों से पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे आक्रोशित नागरिकों ने सोमवार को भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक भगवानदास कालिया के नेतृत्व में विधायक घनश्याम सर्राफ के आवास का घेराव किया तथा रोष जताते हुए ज्ञापन सौंपा। दूसरी तरफ विधायक सर्राफ ने उसी वक्त पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारियों को इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। आदेश के बाद मौके पर अधिकारी व कर्मचारी पहुंच गए।

सौंपे ज्ञापन में भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक भगवानदास कालिया ने बताया कि यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है कि दादरी गेट व ढाणा रोड की देवियों, बुजुर्गों और बच्चों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए इस भीषण गर्मी में दर-दर भटकना पड़ रहा है। ढाणा रोड की सभी गलियों में पानी की सप्लाई का बुरा हाल है। गली नंबर 5, 8 और 9 के हालात तो इतने बदतर हैं कि वहां पिछले 3 सालों से पानी ही नहीं आया है। अगर कभी कभार पानी छोड़ा भी जाता है, तो वह महज 10 मिनट में बंद हो जाता है। क्या आम जनता सिर्फ 10 मिनट के पानी के भरोसे अपना जीवन काट सकती है। कालिया ने कहा कि लोग पिछले कई महीनों से अधिकारियों के पास चक्कर काट रहे हैं। विभाग के कर्मचारियों को बार-बार शिकायत दी गई, यहाँ तक कि एक्सईन और एसडीओ के दफ्तरों में जाकर उन्हें मौके की स्थिति भी दिखाई गई। लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अधिकारियों की इसी घोर लापरवाही और सुस्ती के कारण आज सैकड़ों परिवार नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। सरकारी सिस्टम की इस सुस्ती को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अवैध गुल्ला हटाया जाए

नागरिकों ने मांग की कि जो पानी सिर्फ 10 मिनट आकर बंद हो जाता है, उसकी समय सीमा बढ़ाई जाए ताकि लोगों के घरों तक पानी पहुंच सके, गली नंबर 9 में पानी की पाइपलाइन में जो अवैध गुल्ला (रुकावट व प्लग) लगा रखा है, उसे तुरंत खुलवाया जाए ताकि पानी का फ्लो सुचारू हो सके, कोर्ट रोड से आने वाली पानी की जो मुख्य लाइन थाना रोड में जा रही है, उस लाइन को दादरी गेट चौक से सीधे जोड़ा जाए, ताकि पूरे क्षेत्र में पानी का प्रेशर बढ़ सके, पानी की सप्लाई लाइनों को दुरुस्त करने के लिए थाना रोड से अन्य व्यवधानों को तुरंत साफ किया जाए। इस मौके पर रामचन्द्र, रामनिवास, सुमित्रा, बिमला, निर्मला, कृष्णा, पवन, रीतु, संजना, ममता, रिंकी, अंगूरी, राज, सावित्री, गुड्डी, शीली भगत सहित भारी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### विधायक सर्राफ के निर्देश पर तत्काल पहुंचे कर्मचारी

लोगों की इस गंभीर समस्या को सुनने के बाद विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने मौके से ही जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात की और उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द इस पेयजल संकट का स्थाई समाधान करने के सख्त निर्देश दिए। विधायक का फोन जाते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और वहां पर लाइन में लगाया गया लकड़ी का गुटका हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।



### शिव मंदिर में चोरी की वारदात का आरोपी किया गिरफ्तार

**तोशाम।** थाना तोशाम पुलिस ने शिव मंदिर में चोरी की वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सतबीर निवासी तोशाम ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह बस स्टैंड तोशाम के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर की देखभाल करता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 मई की रात करीब 9 बजे वह मंदिर के मुख्य गेट व मंदिर के ताले लगाकर घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह मंदिर पहुंचा तो मंदिर के मुख्य गेट व मंदिर के ताले टूटे हुए मिले तथा चोर मंदिर से दान पात्र, पीतल का घड़ा व पीतल का नाग चोरी करके ले गए थे। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए थाना तोशाम के उप निरीक्षक जगदीश की टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को बवानी खेड़ा चुंगी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अंकित निवासी दिनोदा जिला जींद हाल निवासी तोशाम के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया पीतल का घड़ा व पीतल का नाग बरामद किया है। पूछताछ पता चला है कि आरोपी नशे का आदी है।



भिवानी। वीडियो कांफ्रेंस में उपस्थित उपायुक्त व अन्य अधिकारी

## पेयजल व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगी पंचायतें: उपायुक्त

■ स्वच्छ पेयजल आपूर्ति व रखरखाव के लिए भी होंगी सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को एक नई दिशा मिलने जा रही है। अब जिला प्रशासन के साथ मिलकर गांव की छोटी सरकार क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता को लेकर काम करेगी। इसके लिए ग्राम स्तर पर एक कमेटी का गठन किया जाएगा और यह कमेटी पेयजल आपूर्ति से लेकर उसके रखरखाव, नए कनेक्शन देने और बिल भुगतान तक के कार्य को देखेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुसार प्रदेश में यह पहल होने जा रही है।

इस कार्य की समीक्षा को लेकर सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जिला उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की। इसके बाद उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार ने बेहतरीन कदम उठाया है। अब ग्रामीण स्तर पर एक कमेटी ही पेयजल आपूर्ति के मामलों को संभालने के लिए सक्षम होगी। इस 16 सदस्यों की कमेटी में विकास एवं पंचायत विभाग और जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी होंगे। संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच को कमेटी का चेयरमैन बनाया जाएगा। इसके अलावा पंच, युवा, स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल व युवा कलब से से भी सदस्यों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस नए एवं अनोखे निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में ना केवल पेयजल आपूर्ति बेहतर होगी। बल्कि पेयजल आपूर्ति में आने वाली समस्याओं या खराबियों को भी यह कमेटी अपने स्तर पर दुरूस्त करवा सकेगी। यही नहीं, नए कनेक्शन उपलब्ध करवाने, बिल बनाने और बिल के भुगतान से संबंधित कार्य भी कमेटी के ही माध्यम से होंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

लोहारू खंड के लिए बड़ी उपलब्धि

## टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस कार्यक्रम में ढाणी गंगा बिशन का स्कूल देशभर में रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

हरियाणा के शिक्षा जगत और विशेष रूप से लोहारू खंड के लिए सोमवार का दिन बेहद गौरवशाली और ऐतिहासिक सिद्ध हुआ। भारत सरकार द्वारा चलाए गए राष्ट्रीय स्तर के टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस यानि टोबैको फ्री स्कूल चैलेंज टुवड्र्स ए टोबैको फ्री जेनरेशन कार्यक्रम के तहत हरियाणा के स्कूलों ने देश भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

लोहारू के राजकीय प्राथमिक विद्योलय ढाणी गंगा बिशन को देश में प्रथम स्थान मिला है। वहीं बवानीखेड़ा स्थित वीएसएसजीएस पीएम श्री जीजीएसएसएस स्कूल को इस चुनौती में सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। स्कूल शिक्षा निदेशालय, हरियाणा की तरफ से भिवानी के जिला शिक्षा अधिकारी को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई चरणों की कड़ी मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरने के बाद हरियाणा के चार स्कूलों को विजेता और सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसमें सबसे बड़ी और गर्व की

**29 को दिल्ली में होगा सम्मान समारोह का आयोजन**

बात यह है कि भिवानी जिला के लोहारू ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढाणी गंगा बिशन ने प्राइमरी वर्ग में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर शीर्ष गौरव प्राप्त किया है। वहीं वीएसएसजीएस पीएम श्री जीजीएसएसएस स्कूल को इस चुनौती में सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस शानदार और अभूतपूर्व उपलब्धि पर जहां एक तरफ जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया ने खुशी प्रकट की है, वहीं लोहारू की खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं, स्कूल के इंचार्ज लीला राम अन्य अध्यापकों, स्कूल प्रबंधन समिति और ढाणी गंगा बिशन के समस्त ग्रामीणों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षा अधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने बताया कि यह लोहारू क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है, जो यह साबित करता है कि हमारे सरकारी स्कूल बच्चों को न सिर्फ गुणात्मक शिक्षा दे रहे हैं बल्कि उन्हें एक स्वस्थ, नशामुक्त और सुरक्षित माहौल देने में भी देश में सबसे आगे हैं। हमारे शिक्षकों और बच्चों की इस कड़ी मेहनत ने आज पूरे हरियाणा का नाम राष्ट्रीय पटल पर चमका दिया है। उन्होने बताया कि कैथल जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहना और मेवात जिले के जीएमएसएसएस तावडू स्कूल को भी उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया है। हरियाणा के इन सभी स्कूलों ने तंबाकू मुक्त पीढ़ी तैयार करने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है।

## सिवाड़ा में मिला युवक का शव, मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

30 वर्षीय दिनेश दो तीन दिन से लापता था घर से

बवानीखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सिवाड़ा में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। शव की पहचान सिवाड़ा निवासी दिनेश की हुई। बताया जाता है कि 30 वर्षीय दिनेश उर्फ मन्नु घर से दो तीन दिन से लापता था और उसके पिता का पहले ही स्वर्गवास हो चुका है व एक बहन है जिसकी शादी हां चुकी है। मां बेटा अकेले घर में रहते थे। बदबू आने से आसपास के लोगों को पता चला और इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि इत्तेफाकिया मामला दर्ज किया जा। जांच जारी है।

## पीने के पानी के लिए रानीला के लोगों ने जलघर में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी





रानीला गांव में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। छात्र नेता एवं जिला पार्षद मोहित साहू रानीला के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने रानीला जलघर पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने जलघर में पानी की कमी, जलघर परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था चरमराने तथा अवैध रूप से काटे गए पेड़ों को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने जलघर पर ताला जड़ते हुए मटका फोड़ प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मोहित साहू रानीला ने कहा कि गांव के लोग लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर कोई गंभीर ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है, जबकि जलघर की हालत भी बदहाल बनी हुई है।

गांव पुर में सर्व कल्याण मंच हरियाणा के कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

# 10वीं और 12वीं की टॉप-3 छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से सर्व कल्याण मंच हरियाणा द्वारा 25 मई को ग्राम पुर, में "प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बवानीखेड़ा ब्लॉक के सभी गांवों के सरकारी विद्यालयों की 10वीं और 12वीं कक्षा की टॉप-3 प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रहे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करना है। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिभाशाली छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संस्था संस्थापक नवीन कौशिक का कहना है कि "प्रतिभा का सम्मान, भविष्य का निर्माण" कार्यक्रम का मुख्य संदेश है।





### राज्य में बिजली की कोई कमी नहीं : मनोहर लाल

वहीं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा भी भाजपा सरकार की नीतियों के बारे में चर्चा की गई और बताया कि प्रदेश की बागडोर सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि भले ही पेट्रोलियम पदार्थों की कमी हो जाए, परन्तु बिजली की कमी देश में नहीं होने दी जाएगी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री बोले 21 मई को देश में अधिकतम 271 गीगाबाइट बिजली हुई थी खर्च, जबकि उत्पादन है 274 गीगाबाइट अगले वर्ष गर्मियों के सीजन में बिजली की मांग को देखते हुए 300 गीगाबाइट बिजली उत्पादन करने करने का लक्ष्य है। उन्होंने पेट्रोलियम बचाने के लिए लोग से सार्वजनिक वाहनों रेल, मैट्रो, बसों का का प्रयोग करने का आह्वान किया। गांव पुर में सर्व कल्याण मंच हरियाणा के कार्यक्रम में पहुंचे मनोहर लाल ने 33 गांवों की 104 बेटियों को निःशुल्क साइकिल करवाई उपलब्ध कराई। पुर गांव में 90 लाख से बनकर तैयार होने वाले मल्टीपर्पज हॉल व लाइब्रेरी का किया शिलान्यास।

## विजन फाउंडेशन ने 120 बच्चों के हाथों में थमाईं किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

तीन साल से जगा रही शिक्षा का अलख सायंकालीन कक्षाओं के माध्यम से मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है शिक्षा

बाढ़ड़ा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में विजन फाऊंडेशन पिछले तीन वर्षों से लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है। संगठन द्वारा चलाए जा रहे विजन पाठशाला कार्यक्रम के तहत झुग्गी-झोपड़ियों एवं गरीब परिवारों के बच्चों को सायंकालीन कक्षाओं के माध्यम से मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में क्षेत्र के तीन गांवों में विजन पाठशालाएं संचालित की जा रही हैं, जहां करीब 250 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को शिक्षा की मु2यधारा से जोड़ना है, जो गरीबी, भिक्षावृ8ाि और सामाजिक अभावों के कारण स्कूलों से दूर हो चुके हैं। संगठन बच्चों के हाथों से कटोरा छुड़वाकर उन्हें किताब और शिक्षा का सहारा देने का काम कर रहा है। विशेष अभियान के तहत फाउंडेशन ने पिछले तीन वर्षों में बाढड़ा क्षेत्र के 120 बच्चों को भिक्षावृ8ाि से बाहर निकालकर अलग-अलग स्कूलों में दाखिला दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

हरिभूमि
# सहेली


एआई इमेज

विशेषः अंतरराष्ट्रीय अभिभावक दिवस, 1 जून

# अपने बच्चों के प्रति माता-पिता का निस्वार्थ-अनमोल प्रेम

माता-पिता अपने बच्चों की खुशी और सफलता के लिए अपनी सारी इच्छाएं त्याग देते हैं। बच्चों की खुशी में ही उन्हें खुशी मिलती है। उनका यह निस्वार्थ प्रेम बहुत अनमोल होता है। इसे अभिभावक दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मानते हैं।

कवर स्टोरी



डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

रात के करीब ग्यारह बजे हैं। घर के लगभग सभी सदस्य सो चुके हैं, सिवाय दो लोगों के। मां टेंथ में पढ़ने वाली बेटी की यूनिफॉर्म प्रेस कर रही थी, लेकिन उसका ध्यान बार-बार दरवाजे की ओर चला जा रहा था। भीतर ही भीतर उसका मन भी घबरा रहा था, क्योंकि बेटा, जो इस वर्ष ही कॉलेज पहुंचा है, अभी तक घर नहीं लौटा है। ड्राइंगरूम में बैठे पिता शायद चौथी बार मुख्य दरवाजे तक जाकर लौटे हैं। रात बढ़ती जा रही है। फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। वह कभी घड़ी देखते, कभी मोबाइल स्क्रीन और फिर चुपचाप दरवाजे की ओर नजर उठा देते।

## बच्चों को अपनी जिम्मेदारी का बोध नहीं



यह दृश्य किसी एक घर का नहीं है। यह उन असंख्य भारतीय परिवारों का परिचित दृश्य है, जहां माता-पिता की रातें बच्चों की चिंता में ही बीतती हैं। लेकिन बच्चों की दुनिया में इन बातों का अर्थ अकसर बिल्कुल अलग होता है। उनके लिए रात तक जागकर उनका प्रोजेक्ट तैयार करना, यूनिफॉर्म प्रेस करना या सुबह जल्दी उठकर पसंद का टिफिन बनाना, घर की सामान्य दिनचर्या का हिस्सा है। कहीं-न-कहीं उन्हें यह सब अपना अधिकार या उससे भी अधिक, माता-पिता की जिम्मेदारी लगता है। लेकिन ठीक इसके विपरीत उन्हें किसी भी तरह की रोक-टोक, पूछताछ या अनुशासन सहज स्वीकार नहीं होता। वे कितनी देर में घर लौटेंगे, किस दोस्त के पास जा रहे हैं, इतनी देर तक फोन पर क्यों बात कर रहे हैं या पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे जैसे सवाल उन्हें अनावश्यक हस्तक्षेप और बंदिश जैसा लगने लगता है। बच्चे यह तो चाहते हैं कि उनकी हर जरूरत बिना कहे पूरी हो जाए, लेकिन उनसे समय, अनुशासन या जवाबदेही की अपेक्षा की जाए तो उन्हें दिक्कत लगने लगती है। शायद यही कारण है कि हर पीढ़ी अपने माता-पिता के प्रेम को सबसे पहले सुविधा की तरह देखती है, त्याग की तरह नहीं। क्योंकि जो चीज हमें हर दिन बिना मांगे मिलती रहती है, उसका मूल्य अकसर बहुत देर से समझ में आता है।

## सबसे पहले छूटती है माता-पिता की नींद



सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह मानते हैं, एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए प्रतिदिन सात से आठ घंटे की नींद आवश्यक है। लेकिन माता-पिता बनने के बाद शायद यह सिद्धांत सबसे पहले टूटता है। बच्चे छोटे होते हैं तो मां उनकी हल्की-सी करवट से भी जाग जाती है। बच्चे बड़े हो जाते हैं तो चिंता का स्वरूप बदल जाता है, लेकिन चिंता समाप्त नहीं होती। तब माता-पिता की नींद कभी उनके एग्जाम की चिंता में टूटती है, कभी देर रात तक घर न लौटने की बेचैनी में और कभी उनके भविष्य को लेकर उठते अनगिनत सवालों में। शायद इस संसार में माता-पिता और संतान का रिश्ता ही एक ऐसा अनूठा रिश्ता है, जहां स्वयं की कोई अलग खुशी नहीं रह जाती। बच्चा मुस्कुराता है तो माता-पिता मुस्कुराते हैं, बच्चा परेशान होता है तो भीतर ही भीतर वे भी परेशान हो उठते हैं। बच्चे की छोटी-सी उपलब्धि उन्हें गर्व से भर देती है और उसका छोटा-सा तनाव भी उनकी रातों की नींद छीन लेता है।

## माता-पिता छोड़ देते हैं अपनी इच्छाएं

'मैं आज जो कुछ भी हूं, अपने माता-पिता की वजह से हूं। मेरी मां सुबह बहुत जल्दी उठ जाती थीं, क्योंकि मुझे प्रैक्टिस के लिए जाना होता था। वह मेरे लिए खाना बनाती थीं। वह मुश्किल से केवल तीन घंटे सोती थीं। मेरे पिता ने मेरे लिए अपना काम छोड़ दिया। हमारा घर बहुत मुश्किल से चलता था, लेकिन मेरे पिता हमेशा कहते थे, 'तू लगा रह।' आज जो भी परिणाम दिखाई दे रहा है, जो भी सफलता मुझे मिली है, वह मेरे माता-पिता की वजह से है।' ये शब्द हैं उस वैभव सूर्यवंशी के, जिसने बेहद कम उम्र में क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम दर्ज करा लिया। लेकिन किसी भी सफल बच्चे की कहानी केवल उसकी प्रतिभा की कहानी नहीं होती। उसके पीछे अकसर माता-पिता के अनगिनत त्याग छिपे होते हैं। जब लोग किसी बच्चे की सफलता पर तालियां बजाते हैं, तब बहुत कम लोग उन रातों के बारे में सोचते हैं, जब माता-पिता अपनी इच्छाओं, अपने आराम और कई बार अपने पूरे जीवन की दिशा तक बदल देते हैं ताकि बच्चे का सपना अधूरा न रह जाए। माता-पिता बनने के बाद धीरे-धीरे उनकी अपनी जरूरतें पीछे छूटने लगती हैं। खुद के अच्छे कपड़े, खुद की इच्छाएं, खुद का आराम सब कुछ बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों और खुशियों के आगे गौण हो जाता है। बच्चों की हर छोटी इच्छा उन्हें याद रहती है, लेकिन अपनी अनेक इच्छाएं वे चुपचाप टालते रहते हैं। शायद यही कारण है कि बच्चों की छोटी-सी मुस्कुराहट भी उन्हें अपनी बड़ी-से-बड़ी खुशी से अधिक महत्त्वपूर्ण लगने लगती है।

## सबसे निःस्वार्थ होता है माता-पिता का प्रेम

माता-पिता बनने के बाद व्यक्ति का जीवन केवल व्यस्त नहीं होता, वह पूरी तरह बदलने लगता है। धीरे-धीरे उनका समय केवल उनका नहीं रह जाता। उनकी योजनाएं, उनकी छुट्टियां, उनका खाली समय सब कुछ बच्चों की जरूरतों और समय के अनुसार ढलने लगता है। वे दोस्तों के साथ बनी योजनाएं रद्द कर देते हैं, क्योंकि बच्चे की परीक्षा है। वे अपनी पसंद की फिल्म छोड़ देते हैं, क्योंकि बच्चे को कहीं और जाना है। धीरे-धीरे उनका पूरा जीवन इस तरह बदल जाता है कि बच्चों को कमी कम-से-कम महसूस हो। और शायद यही कारण है कि बहुत से बच्चों को वर्षों बाद समझ में आता है कि उनका सहज और सुरक्षित बचपन, वास्तव में माता-पिता के अनगिनत मौन त्याग पर खड़ा था। माता-पिता का प्रेम संसार का सबसे निःस्वार्थ प्रेम माना जाता है। उसमें त्याग दिखाई कम देता है, लेकिन छिपा बहुत कुछ होता है अधूरी नींद, टली हुई इच्छाएं, लगातार चलती चिंताएं और फिर भी चेहरे पर वही सामान्य मुस्कान। ❀

# छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ाहट-मानसिक थकान कहीं आपको डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम तो नहीं

दिन भर में हमें छोटे-छोटे बहुत से डिसीजन लेने होते हैं, कुछ लोग इस तरह के डिसीजन लेने में एक थकान महसूस करते हैं, उन्हें चिड़चिड़ाहट होती है। इसे मेडिकल टर्म में डिसीजन फटीग कहते हैं। इसके क्या लक्षण होते हैं, इससे कैसे बचा जाए, जानिए।

मेंटल हेल्थ

विधि



आज की बिजी लाइफस्टाइल में हम सभी को अपने करियर, घर-परिवार से जुड़ी अनेक बातों के बारे में दिन भर में अनेक डिसीजन लेने पड़ते हैं, जैसे-कब क्या पहनना है, कहां जाना है, कैसे जाना है, किसके साथ मीटिंग है, किस काम को पहले करना है, किसको बाद में, लंच में क्या खाना? इन ढेर सारे छोटे-छोटे डिसीजन लेने के कारण दिमाग काफी ज्यादा थक जाता है, मानसिक ऊर्जा खत्म सी हो जाती है। इसके बाद एक छोटा-सा फैसला लेना भी पहाड़ जैसा लगने लगता है। परिणाम स्वरूप व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है, अपने डिसीजन टालने लगता है या जल्दबाजी में गलत फैसले ले लेता है। इसी मानसिक थकान को मेडिकल की भाषा में डिसीजन फटीग कहा जाता है। यह कोई बड़ी मानसिक बीमारी नहीं है, बल्कि इस समस्या में व्यक्ति रोजमर्रा के नॉर्मल डिसीजन लेने में काफी मुश्किल महसूस करता है। सरल शब्दों में कहें तो डिसीजन फटीग का सीधा मतलब है, फैसले लेने की वजह से होने वाली मानसिक थकान।



**डिसीजन फटीग के लक्षणः** डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम होने पर व्यक्ति में निम्नलिखित लक्षण देखे जा सकते हैं, जिन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

- दिन भर में लगातार फैसले लेने के बाद दिमाग में भारीपन या थकान महसूस होती है। इस स्थिति में व्यक्ति को सोचने में ज्यादा समय लगता है, उसके लिए नॉर्मल काम करने में भी मुश्किल होती है।
- कोई भी निर्णय लेने में ज्यादा वक्त लगता है।
- रोजमर्रा के किसी भी तरह के सामान्य काम करने में भी कठिनाई होने लगती है।
- जब फैसला लेने की ताकत कम हो जाती है तो व्यक्ति फैसले टालने लगता है, जिसके कारण हर काम को वह बाद में देखेंगे, अभी मन नहीं कर रहा जैसे बहाने करके टालने लगता है।
- दिमाग में स्ट्रेस होने के कारण कई बार जल्दबाजी में फैसले लेते हैं, जैसे डाइट पर होते हुए भी जंक फूड खाना, बिना सोचे-समझे शॉपिंग करना या किसी काम के लिए हां या न करना।
- किसी भी तरह के फैसले लेते समय खुद का बचाव करना या पीछे हटना।
- अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा दूसरों पर डाल देना।
- काबिल होते हुए भी हर समय खुद पर कम विश्वास करना, अपने फैसलों पर शक होना, खुद को दोष देना या हर फैसले के बाद सही डिसीजन लिया या नहीं, इस बारे में सोचना भी डिसीजन फटीग का संकेत हो सकता है।
- डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम के कारण व्यक्ति को सिर में दर्द, फोकस करने में मुश्किल होना, नींद में कमी और रोजमर्रा के कामकाज में समस्या होने जैसे कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं।

**डिसीजन फटीग से बचने के उपायः** फिजिशियन **डॉ. सतीश विरमानी** के अनुसार, डिसीजन फटीग से बचने के लिए आप इन बातों का ध्यान रखें-

- सुबह के समय दिमाग फ्रेश होता है, दिमागी ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है, इसलिए जरूरी फैसले सुबह ही लेने की कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों (जैसे कपड़े या खाना) में ज्यादा ऑप्शंस न रखें। ऑप्शंस कम होंगे, तो कंफ्यूजन भी कम होगा।
- हर काम का एक तय समय और रुटीन बनाएं। इससे बार-बार छोटे-छोटे फैसले नहीं लेने पड़ेंगे और दिमाग को रेस्ट मिलेगा, वो रिलैक्स्ड रहेगा।
- लगातार काम करने से बचें, इससे मानसिक थकान होती है। इसलिए हर 60 से 90 मिनट बाद ब्रेक लें।
- अच्छी नींद और हेल्दी डाइट भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने और फैसलों को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं। ❀

बच्चे और आप

ललिता गोयल

समर वैकेशन में बच्चों को स्कूल से हॉलिडे होमवर्क मिलता ही है। इसे पूरा कराने की जिम्मेदारी पैरेंट्स की होती है। बच्चे कैसे समर वैकेशन को एंज्वॉय करते हुए अपना हॉलिडे होमवर्क समय से पूरा कर लें, इसके लिए आप हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बना लें। यह कैसे बनाएं, जानिए।

# बच्चों के लिए करें स्मार्ट हॉलिडे होमवर्क प्लानिंग



इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो गई हैं। बच्चे खुश हैं लेकिन पैरेंट्स को बच्चों के हॉलिडे होमवर्क की चिंता है, क्योंकि जितना मर्जी कोशिश कर लें, छुट्टियों के आखिरी दिन तक बच्चों का हॉलिडे होमवर्क खत्म नहीं होता। शुरू में तो लगता है बहुत टाइम है, हो जाएगा। लेकिन बाद में रिजल्ट होता है, बच्चों का अधूरा हॉलिडे होमवर्क। यह कहानी हर साल की होती है। चलिए, इस बार इस कहानी को बदलते हैं। हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बता रहे हैं, जिनसे बच्चों का होमवर्क आसानी से हो जाएगा और बच्चों ही नहीं आपकी भी समर वैकेशन मजे से बीतेगी।

**हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बनाएंः** जब आप एक प्लानिंग से बच्चों का होमवर्क कराएंगी तो वह समय से जरूर पूरा हो जाएगा। एक स्मार्ट शेड्यूल बच्चों को रोजाना थोड़ा-थोड़ा होमवर्क करने के लिए इंस्पायर करता है। हॉलिडे होमवर्क समय पर हो, इसके लिए शेड्यूल बनाएं। सारा होमवर्क देखने के बाद कब, क्या कितनी समय सीमा में करना है, उसका शेड्यूल बनाएं। बच्चों को शेड्यूल बनाने की प्रक्रिया में शामिल करें, उनसे पूछें कि वे किस समय पढ़ना पसंद करेंगे और किस समय खेलना चाहेंगे? उनकी राय से शेड्यूल बनाने से वे शेड्यूल मानेंगे। साथ ही शेड्यूल ऐसा बनाएं कि होमवर्क तो होता रहे और बच्चों की मस्ती और खेल-कूद भी चलता रहे। पहले एक सब्जेक्ट का होमवर्क खत्म कराएं और फिर दूसरा शुरू करें। इससे आपको ध्यान भी रहेगा कि कितना होमवर्क हो गया, कितना बचा है?



### आप भी दें उसका साथ

**होमवर्क के** बीच में बच्चे की पसंद के अनुसार उसे घुमाने ले जाएं या खेलने भी दें। जिससे उन्हें यह फील न हो कि हॉलिडे होमवर्क का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना है। इससे होमवर्क उसे बोझ नहीं लगेगा और वह होमवर्क एंज्वॉय करेगा। अगर बच्चा खुद होमवर्क कर रहा है, तब भी उसके साथ बैठें, ताकि उसे अकेलापन महसूस न हो और वह बोर न हो। पढ़ाई के साथ खेलने के लिए बच्चों को पूरा समय दें। कुछ पैरेंट्स बच्चों को होमवर्क खत्म करने का प्रेशर बनाकर उन्हें घंटों बैठाए रखते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, बल्कि जब बच्चा होमवर्क करे, तो खुद भी उसके साथ बैठें और उसकी मदद करें।

**प्रेशर न बनाएंः** होमवर्क करने के लिए बच्चे पर कभी प्रेशर न बनाएं। बीच में गैप ले-लेकर होमवर्क कराएं। बीच-बीच में बच्चे के साथ खेलें, कुछ रोचक एक्टिविटीज करें ताकि होमवर्क से बच्चा बोर न हो, एक्टिव बना रहे।

**टाइमिंग का रखें ध्यानः** बच्चों को होमवर्क कराते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह बच्चा है, जल्दी और ज्यादा होमवर्क कराने के चक्कर में उसे बोर न करें, क्योंकि अगर वह शुरू में बोर हो जाएगा, तो होमवर्क उसे बोझ लगने लगेगा। अपने बच्चे की क्षमता के हिसाब से प्लानिंग करें।

**बच्चों का होमवर्क खुद न करेंः** कुछ पैरेंट्स होमवर्क खत्म करने के चक्कर में बच्चों का होमवर्क खुद कर देते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, क्योंकि अगर एक बार आप उनका होमवर्क कर देंगे या तो वह खुद से होमवर्क कभी-भी नहीं करना चाहेगा। इसलिए जरूरी है कि उन्हें होमवर्क कराने के दौरान चीजों को और रोचक बनाते हुए उन्हें सीखने और खुद से होमवर्क करने के लिए प्रेरित करें। ❀

**(शिक्षिका योगिता जिंदल से बातचीत पर आधारित)**



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन टैनिंग आजमाएं ये घरेलू उपाय

गर्मी के मौसम में स्किन पर तेज धूप का असर दिखने लगता है। दरअसल, कैप, दुपट्टा या छाता से कवर करने के बाद भी दिन में घर से बाहर निकलने पर थोड़ी-बहुत टैनिंग हो ही जाती है। दरअसल, सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के संपर्क में आने से हमारी स्किन डल पड़ने लगती है। स्किन के कॉम्प्लेक्शन में अंतर आने लगता है। ऐसे में धूप के असर से बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपकी स्किन को टैनिंग से बचाए रखेंगे।



**पपीता फेस पैकः** यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से डल पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप पका हुआ पपीता और नीबू लें। पपीते का छिलका उतारकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकती हैं।



**शहद-पपीते का फेस पैकः** सन टैन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा-सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बूंदें शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टैन को हटाने के साथ ही त्वचा को पोषण भी देता है, जिससे आपकी स्किन सॉफ्ट बन जाती है।

**नीबू का फेस पैकः** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में मौजूद नेचुरल फैट और मिनरल्स, स्किन को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि स्किन को पोषण प्रदान करते हैं।



**एलोवेरा जैल-हल्दीः** तीन चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच हल्दी और दो चम्मच शहद को एक कटोरी में मिलाकर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलोवेरा जैल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टैन की समस्या से निजात मिलती है। ❀

आप वर्किंग वूमेन हों या होम मेकर, जरूरत पड़ने पर दिन के समय भी घर से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट को लेकर कॉन्शस रहें।

# डाइट रखें सही नहीं होगा हीट स्ट्रोक

डाइट सजेशन

डॉ. अंशु चौहान, डाइटीशियन

इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। दिन के समय तो तापमान बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो लू लगने यानी हीट स्ट्रोक का रिस्क होता है। इससे आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लू से बचने के लिए अन्य सावधानियों के साथ अपनी डाइट का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।



**इनका करें सेवनः** इन तपिश भरे दिनों में सबसे अधिक ध्यान हाइड्रेशन पर होना चाहिए। हमारे शरीर का लगभग 60-70 प्रतिशत हिस्सा पानी का होता है, लेकिन तेज गर्मी की वजह से पसीने के जरिए हम न केवल शरीर में मौजूद पानी बल्कि जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम और पोटेशियम भी खोते रहते हैं। इसकी भरपाई के लिए खीरा, तरबूज और लौकी जैसी सब्जियों और फलों का सेवन फायदेमंद है। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है। तरबूज में मौजूद लाइकोपिन, त्वचा को सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। वहीं खीरा शरीर को ठंडक देता है और इसमें मौजूद फाइबर कब्ज जैसी समस्याओं को भी दूर रखता है। जो अकसर गर्मी में पानी की कमी से हो जाती है। इन दिनों प्याज का सेवन भी लू से बचाने में कारगर माना जाता है, क्योंकि इसमें क्वेरसेटिन नामक तत्व होता है, जो गर्मी के प्रभाव को कम करने में मददगार साबित होता है। नियमित छोटे-छोटे मील्स, शरीर को कार्बोहाइड्रेट प्रदान करते हैं, जो गर्मी में ऊर्जा के मुख्य स्रोत होते हैं। घर का बना ताजा खाना और मौसमी फलों का सेवन आपको गर्मी में भी ऊर्जावान और सुरक्षित रखेगा।



**उपयोगी पेय पदार्थः** इन दिनों पेय पदार्थों में छाछ और नीबू पानी पीना सबसे फायदेमंद है। छाछ एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक है, जो हमारे पाचनतंत्र को दुरुस्त रखने में सहायक होता है। जबकि नीबू पानी विटामिन-सी और इलेक्ट्रोलाइट्स का भंडार है। इसके अलावा आम का पन्ना, लू से बचने का पुराना, कारगर घरेलू तरीका है। कच्चे आम में मौजूद एसिड और पैक्टिन नामक पदार्थ, शरीर को झुलसाने वाली गर्मी से लड़ने की शक्ति देते हैं। इनके अलावा सत्तू का शरबत, प्रोटीन का एक बेहतरीन और सस्ता माध्यम है, जो शरीर को अंदर से ठंडा रखता है और लंबे समय तक ऊर्जा देता है। नारियल का पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स (पोटेशियम, सोडियम, मैग्नीशियम) से भरपूर और डिहाइड्रेशन रिकवरी में सहायक होता है। इस बात को भी याद रखें कि गर्मी के दिनों में प्यास लगने का इंतजार ना करें, बल्कि हर एक घंटे में थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

**क्या न खाएंः** इन दिनों तला-भुना और मसालेदार खाना पचाने में शरीर को बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे आंतरिक गर्मी बढ़ती है। समोसे, पकौड़े या भारी ग्रेवी वाली सब्जियां, एसिडिटी और पेट में जलन पैदा करती हैं। इसी तरह कैफीन (चाय और कॉफी) का सेवन कम करना चाहिए। ये पदार्थ डाइयूरेटिक होते हैं, जिसका मतलब है कि ये शरीर से पानी को बाहर निकालते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा चीनी वाले ठंडे पेय पदार्थ या सोडा पीना भी सही नहीं होता है। साथ ही इस मौसम में रेड मीट, शराब और भारी प्रोटीन वाले फूड्स से परहेज करना चाहिए। बासी खाना भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है। ❀

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

## खबर संक्षेप

### मतदाताओं का सत्यापन 15 जून से होगा: डीसी

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार वर्ष 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। गुप्ता ने बताया कि जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए शैड्यूल जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके तहत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया जाएगा।

### चुनाव खत्म होते ही बढ़ी महंगाई: सुमेर सिंह

**बाढड़ा।** भारत की माक्र्सवादी कंयुनिस्ट पार्टी (माकपा) ने चुनाव समाप्त होते ही बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के जिला कमेटी सदस्य सुमेर सिंह ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार लगातार आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा रही है, जिससे गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### पंडाल में गूंजा नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारा

**भिवानी।** आजाद नगर स्थित राधा कृष्ण शिव मंदिर तुहीराम हरनामदास धर्मार्थ मंदिर में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। श्रीकृष्ण के जन्म होते ही पंडाल में नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारे गूंज उठे वहीं श्रद्धालु भी श्रीकृष्ण भगवान के जन्म उत्सव पर खूब झूमें। कथा का आयोजन मोहल्ला मंदिर प्रबंधन समिति एवं आमजन के सहयोग से किया जा रहा है।

### ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाए

**भिवानी।** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण अंचल में स्वच्छता के लिए कार्य करें। गांवों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का सही प्रबंधन हो।

### मंहगाई ने आम जनता का जीना किया मुश्किल

**तोशाम।** कांग्रेस जिला महासचिव प्रदीप बंसल ईशरवाल ने डीजल-पेट्रोल के भाव में बार-बार की जा रही बढोत्तरी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश में लगातार बढ़ रहे पेट्रोल और डीजल के दामों ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। हर रोज हो रही मूल्य वृद्धि के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।


प्रदीप बंसल।

## ग्रामीण मंडल के 12 शक्ति केंद्रों पर भाजपा की मासिक बैठकें हुईं

# संगठन की मजबूती और मन की बात को लेकर बनी रणनीति

भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने समर्पित कार्यकर्ताओं और मजबूत संगठनात्मक ढांचे के दम पर: सुनील भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने के उद्देश्य से सोमवार को भिवानी ग्रामीण मंडल के सभी 12 शक्ति केंद्रों की मासिक बैठकों का आयोजन अलग-अलग गांवों में बेहद उत्साहजनक माहौल में किया गया। इन बैठकों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इन सांगठनिक बैठकों में हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन एवं ग्रामीण मंडल पालक विजेंद्र बडग़ुजर और राहुल नरेंद्र शर्मा ने मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यकर्ताओं में नया जोश फूंका। बैठकों की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज धारेडू ने की। बैठकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं हरियाणा एससी आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुजर व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज धारेडू ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने समर्पित कार्यकर्ताओं और मजबूत संगठनात्मक ढांचे के दम पर है। हमारी असली ताकत हमारे शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और बीएलए हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ को अजेय बूथ बनाने के संकल्प के साथ काम करना होगा। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। मानेहरु मधमाधवी शक्ति केंद्र की बैठक स्थानीय सरपंच श्री सतीश के आवास पर संपन्न हुई तथा धारेडू शक्ति केंद्र बैठक सुनील भारद्वाज के आवास पर संपन्न हुई।


भिवानी। आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए। फोटो: हरिभूमि

### यहां हुई बैठकें

इस दौरान ढाणा लाडनपुर शक्ति केंद्र की बैठक प्रमुख बबीता तंवर की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष दीपक के आवास पर संपन्न हुई। अजीतपुर शक्ति केंद्र की बैठक शक्ति केंद्र प्रमुख ईश्वर यादव की अध्यक्षता में मुकेश शर्मा के आवास पर बैठक आयोजित की गई। पूरनपुरा, कोंट और उमरावत शक्ति केंद्र की बैठक गांव पूरनपुरा में राजेश पूर्व सरपंच प्रतिनिधि एवं बीएलए-2 के आवास पर रखी गई। ढाणा नरसान, गौरीपुर और गोविंदपुरा शक्ति केंद्र की इस त्रिकोणीय शक्ति केंद्र की बैठक गांव ढाणा नरसान में शक्ति केंद्र प्रमुख हनुमान के आवास पर हुई। कायला और बडाला शक्ति केंद्र की बैठक का आयोजन शक्ति केंद्र प्रमुख व वरिष्ठ एडवोकेट नरेश गौतम के आवास पर गांव कायला में किया गया। सांगा शक्ति केंद्र की बैठक गांव सांगा में सुरेश के आवास पर बैठक संपन्न हुई। कितलाना शक्ति केंद्रद की गांव कितलाना में मास्टर रतन धायल के आवास पर सांगठनिक चर्चा हुई। मानेंहरु शक्ति केंद्र की बैठक अनिल शास्त्री के आवास पर आयोजित की गई।

# जनसेवा को समर्पित किया जीवन

- चलते-फिरते आयुर्वेदिक अस्पताल बाबा कैलाश गिरी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



कस्बे के सोमवारपुरी मंदिर के महंत बाबा कैलाश गिरी के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। बाबा कैलाश गिरी सिर्फ एक संत नहीं, बल्कि लोगों के लिए 'चलता-फिरता आयुर्वेदिक अस्पताल' थे। बताया जाता है कि बाबा गिरी के पास आयुर्वेद का गहरा ज्ञान था। दूर-दूर से लोग अपनी बीमारियों का इलाज कराने उनके पास आते थे। गरीब-अमीर का भेद किए बिना वे सभी को निशुल्क जड़ी-बूटियों से उपचार बताते थे। उनके निधन से क्षेत्र ने एक सच्चा समाजसेवी और आयुर्वेद का ज्ञाता खो दिया है। आज उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मुख्य रूप से एडवोकेट राजेश सिधू भी बाबा को श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में बाबा कैलाश गिरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि दी गई। एडवोकेट राजेश सिधू ने कहा कि बाबा गिरी ने अपना पूरा जीवन जनसेवा और धर्म के लिए समर्पित कर दिया। आयुर्वेद के माध्यम से उन्होंने सैकड़ों परिवारों को रोगमुक्त किया। उनका जाना अपूरणीय क्षति है। इस मौके पर अधिवक्ता राजेश सिंधू के अलावा पूर्व पार्षद बलवंत गौरी, राजेंद्र गौरी, पार्षद प्रतिनिधि विनोद भौरिया आदि मौजूद थे।

### अविश्वास प्रस्ताव पर 8 को होगी बैठक: एसडीएम

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 62 तथा हरियाणा पंचायती राज नियमावली, 1995 के नियम 10 के तहत पंचायत समिति बवानी खेड़ा के उपाध्यक्ष बिटू राम के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह बैठक 8 जून को 3:30 बजे कार्यालय पंचायत समिति एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बवानी खेड़ा में आयोजित होगी। एडीसी ने पंचायत समिति बवानी खेड़ा के सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में उपस्थित होकर भाग लेने का आग्रह किया है।

## 42 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

स्व. जितेंद्र गुप्ता पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया

श्याम परिवार के तत्वावधान में रविवार को विवेकानंद स्कूल परिसर में करण गुप्ता और कपिल गुप्ता ने अपने पिता स्व. जितेंद्र गुप्ता की पांचवीं पुण्यतिथि के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया। जिसमें 42 युवाओं ने रक्तदान कर स्व. जितेंद्र गुप्ता को श्रद्धांजलि दी। रक्तदान शिविर का शुभारंभ विवेकानंद स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र भारद्वाज ने किया। भारद्वाज ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है तथा दान दिया गया रक्त जरूरतमंद इंसान को नया जीवन दे सकता है। इस मौके पर संजय खंडेलवाल, रिंकू , रवींद्र, पार्षद अजय शर्मा, डॉ. आलोक मिश्रा आदि मौजूद थे।



# वैक्सीनेशन कार्य का किया निरीक्षण

- मुंहखुर और गलघोटू की संयुक्त वैक्सीन से पशुओं को बार-बार होने वाले तनाव से मिली मुक्ति : डा. सहरावत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

नौतपा की इस झुलसा देने वाली आग और भीषण गर्मी में भी पशुपालन एवं डेयरी विभाग के हौसले पस्त नहीं हुए हैं। जिले के पशुओं को मुंहखुर व गलघोटू जैसी घातक बीमारियों से बचाने के लिए विभाग की टीमें मुस्तैदी से घर-घर जाकर टीकाकरण का कार्य कर रही हैं। विभाग का एकमात्र लक्ष्य है कि इस कठिन मौसम में भी कोई भी पशु सुरक्षा चक्र से छूटने न पाए।

कठिन परिस्थितियों के बावजूद फील्ड में जुटी टीमें लगातार काम कर रही हैं। दरअसल, टीकाकरण के बाद पशु और उसके मालिक का पूरा ब्योरा ऑनलाइन अपलोड करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही टीमों के पास कोई समर्पित डाटा ऑपरेटर भी नहीं है, जिसके कारण फील्ड स्टाफ पर काम का दोहरा दबाव है। इस अभियान की गंभीरता को देखते हुए विभाग के आला अधिकारी जिनमें संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक, उपमंडल अधिकारी और वरिष्ठ पशु चिकित्सक शामिल हैं, जो कि लगातार फील्ड में उतरकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं।


भिवानी। मुंह खुर व गलघोटू के खिलाफ अभियान चलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

# नियमों में छूट देकर पदोन्नति करने की मांग

- वर्कलोड अनुसार नए पद सृजित करें सरकार, अन्यथा होगा बड़े स्तर पर आन्दोलन : संदीप
- सरकार की दोहरी नीति का शिकार फील्ड क्लर्क झेल रहा आर्थिक नुकसान और अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



शिक्षा विभाग फील्ड में काम करने वाले लिपिक वर्गीय कर्मियों के पदोन्नति के अवसर न के बराबर है। फील्ड में एक क्लर्क 32 साल नौकरी करने पर अस्सिटेंट बनता है, जबकि निदेशालय में वहीं क्लर्क डिप्टी डायरेक्टर बन जाता है। कहने को विभाग एक है, लेकिन नियम अलग-अलग हैं, इस दोहरी नीति का शिकार क्लर्क 32 साल बाद भी इसी पद से रिटायर हो रहा है। वहीं निदेशालय में नियमों में छूट देकर पद खाली होने से पहले ही पदोन्नति कर दी जाती है, लेकिन फील्ड क्लर्कों की पदोन्नति फाइलें मुख्यालय में ही धूल फांक रही हैं, उक्त बात हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष संदीप सांगवान, महासचिव हितेंद्र सिहाग, उपाध्यक्ष राजेश लाम्बा, राज्य सचिव सुमन रानी, जिला प्रधान सुकेश कुमार, सचिव कृष्ण रुपाण ने सांझा ब्यान जारी करके कही।

### शिक्षा विभाग में 50 फीसदी पद पदोन्नति के खाली पड़े हैं और कर्मी बिना पदोन्नति रिटायर हो रहे

हेमसा के राज्य प्रधान संदीप सांगवान ने कहा कि समय पर पदोन्नति न करना विभाग का दोष है, लेकिन सजा निर्दोष कर्मियों को दी जा रही है, जबकि शिक्षा विभाग फील्ड में 50 प्रतिशत पद पदोन्नति के खाली पड़े है और पदोन्नति के इंतजार में कर्मी बिना पदोन्नति ही रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री, एसीएस, डायरेक्टर सैकेंडरी को बार-बार मुलाकात, आपसी वार्ता मीटिंग, प्रदर्शन कर अवगत करवाया जा चुका, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। संगठन लम्बे समय से मांग कर रहा है कि सभी खाली पदों पर सेवा नियमों में छूट देकर पदोन्नति की जाए। वर्कलोड अनुसार सीआरसी व सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में असिस्टेंट का पद, बीईओ ऑफिस में स्टेटिकल अस्सिटेंट, डिप्टी सुपरिटेंडेंट, डीईईओ में सुपरिटेंडेंट, डीईओ में एस्टाब्लिसमेंट ऑफिसर के पद स्वीकृत किया जाए, ताकि फील्ड में कार्य का निपटान समय पर किया जा सके एवं पदोन्नति के अवसर बढ़े। इसके साथ ही एसोसिएशन ने सरकार व विभाग के उच्चाधिकारियों को चेताया कि एसोसिएशन की 11 सूत्रीय मांगों को शीघ्र लागू किया जाए, अन्यथा विवश होकर कर्मचारी बड़े स्तर पर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# समाधान शिविर में पहुंची बिजली पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

एसडीएम ने जल्द समाधान करने का भरोसा दिया

एसडीएम आशीष सांगवान ने उपमंडल कार्यालय के समाधान शिविर में बिजली पानी व अन्य मुलभूत समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों की मांगों पर अलग अलग विभागों के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कदम उठाकर उनको राहत पहुंचाने का आदेश दिया। उपमंडल कार्यालय के समाधान शिविर में एसडीएम आशीष सांगवान की अध्यक्षता में आयोजित सभी विभागों के अधिकारियों ने भागीदारी की। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में गर्मी प्रचंड दौर में है और प्रत्येक गांव में बिजली पानी आपूर्ति की पर्याप्त मात्रा में अधिकारी किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतें। उपमंडल क्षेत्र की मानिटरिंग करते हुए मुलभूत सुविधा उपल4ध करवाना सरकार की नैतिक जि मेवारी है। समाधान शिविर में काकड़ौली हठ्ठी के ग्रामीणों ने गांव की राजस्व सीमा पर काकड़ौली सरदारा के हस्तक्षेप को खत्म कर उनका क4जा कार्यवाही की मांग की जिस पर उन्होंने चकबंदी व राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित कर समाधान करवाने का भरोसा दिया। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# शिकायतों का तुरंत करें समाधान: हरबीर

- डीएमसी हरबीर सिंह ने डीआरडीए हॉल में सुनी समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। समाधान शिविर की अध्यक्षता डीएमसी हरबीर सिंह ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को गर्मी के मौसम के चलते पेयजल और बिजली से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

डीएमसी हरबीर सिंह केसमक्ष हालु बाजार निवासी संजय कुमार ने पेयजल समस्या, राजीव कॉलोनी करण सिंह ने बिजली के तार बदलवाने, ढ़ाणी ब्राह्मण निवासी राजकुमार ने अवैध कब्जा हटवाने व चौक का निर्माण करवाने, गैर सरकारी सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार व केके ग्रोवर ने नेहरू पार्क में लगे वाटर कूलर को ठीक करवाने एवं शौचालय खुलवाने, ब्रह्मा कॉलोनी निवासी कमलेश ने बच्चे के दाखिले में आ रही समस्या बारे, उमरावत निवासी राजेंद्र कुमार ने ठेकेदार से मजदूरी दिलवाने, नाथूराम ने वर्ष 1975 में प्लॉट का इंतकाल करवाने, अजीतपुर निवासी सत्यपाल ने जमीन संबंधित, आलमपुर निवासी सुमन ने कृषि विभाग से संबंधित शिकायत, घुसकानी निवासी ओमप्रकाश ने कब्जा हटवाने से संबंधित शिकायत रखी।

### 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन हटाने की मांग

इसी प्रकार से गांव कायला निवासी शीला ने मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट बिजली लाइन व लोहे का खंभा बदलवाने, संजय ने सांझी खेवट से कब्जा हटवाने, धनाना निवासी रमेश ने धनाना से बडेसरा रोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, रमेश कुमार ने खेत में आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई दिलवाने, बालकिशन ने पंचायती जमीन की दोबारा बोली करवाने, अजीत सिंह ने सेक्टर-23 में सफाई के लिए कर्मचारी नियुक्त करवाने, ग्राम पंचायत उमरावत ने पेयजल समस्या, सेक्टर-13 हाउसिंग बोर्ड निवासी मनीष ने पार्क की मरम्मत करवाने तथा कृष्ण कुमार ने बोरवेल के बिजली कनेक्शन को पुनः शुरू करवाने, मीनू लाडली योजना का लाभ दिलवाने, पूनम देवी ने गांव खरक से अवैध कब्जा हटवाने, कविता ने पीपीपी में आय त्रुटि ठीक करवाने संबंधी समस्या डीएमसी के समक्ष रखीं।

# तेल की बढ़ती कीमतों से जनता परेशान: विजय

- 11 दिनों में चार बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढड़ा

देश प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। भाजपा सरकार ने पिछले 11 दिनों में चार बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। पेट्रोल और डीजल के दामों में लगभग 8 रुपये की वृद्धि से किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे हर घर का मासिक बजट पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है।

यह बात जजपा हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकड़ोली ने क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, खेती-किसानी, खाद्य सामग्री, सब्जिजयों, दूध, राशन तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है। महंगाई बढ़ने का सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है, जो पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहे हैं।

# शिविर में 78 मरीजों को जांचा

- डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल परिसर में हर महीने के आखिरी सोमवार को नियमित हड्डी जांच शिविर लगाया जाता है। इसी कड़ी में लगाए गए शिविर में 78 मरीजों की गहनता से जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया। शिविर में कल्याणी अस्पताल गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत खन्ना ने अपनी विशेष सेवाएं दीं। उन्होंने हर एक मरीज की रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन किया और उन्हें उचित परामर्श दिया।


भिवानी। मरीज की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

### स्वास्थ्य ही सबसे उत्तम धन:डॉ. विक्रांत

शिविर के दौरान आधुनिक मशीनों द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच (बीएमडी टेस्ट) की गई। इसके साथ ही अत्याधुनिक फिब्रो स्कैन विधि द्वारा भी मरीजों की विशेष जांचें की गईं, ताकि बीमारी के मूल कारणों का पता लगाकर समय पर उसका सटीक इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे उत्तम धन है, हमारा स्वास्थ्य अच्छा है, तभी हम जीवन का वास्तविक आनंद ले सकते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति ही समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना सकारात्मक योगदान दे सकता है और रचनात्मक कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि हड्डियां और जोड़ ही हमारे शरीर का मुख्य आधार हैं। अगर आधार ही कमजोर होगा, तो पूरा शरीर शिथिल हो जाएगा। इस अवसर पर सुरेश कुमार (शीलम), सुनील वधवा, राजकुमार जावा, प्रेम धमीजा, रवि चांदना, महेंद्र हंस सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुसार युवाओं को बनाया जा रहा कुशल

# सीबीएलयू एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी और फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के बीच विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगार सृजन को लेकर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज की ओर से अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार जैन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल बनाकर ही विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार किया जा सकता है।


भिवानी। सीबीएलयू में कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### उद्योग-अनुकूल पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा


फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार जैन ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन (एमओयू) उद्योग-अकादमिक एकीकरण, कौशल विकास और रोजगार क्षमता संवर्धन, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता प्रोत्साहन, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने वाली पहलों के लिए दोनों पक्षों के बीच सहयोग का ढांचा निर्धारित करता है। उन्होंने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों पक्ष उद्योग-अनुकूल पाठ्यक्रम का विकास,कौशल विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं,इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की सुविधा (योग्यता और उपलब्धता के आधार पर) उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना (सेपा समझौतों के अधीन),स्टार्टअप इनक्यूबेशन और उद्यमिता सहायता,भाषा और अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल तत्परता कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान, प्रकाशन और नवाचार पहल, लिखित अनुबंध के माध्यम से पारस्परिक रूप से सहमत कोई अन्य गतिविधि क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमत हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस कॉलेज के अंतर्गत 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए आतिथ्य, प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन और ड्राइविंग जैसे कौशल विकास पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए कम्युनिटी कनेक्ट कॉलेज शुरू करने पर भी चर्चा की गई है ।

## सरकार की नई अधिसूचना के खिलाफ भड़के किसान

# हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों के मुआवजे की नई नीति को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

**पावरग्रिड, एचवीपीएनएल और निजी ट्रांसमिशन कंपनियों को नाजायज लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई है नई नीति : जोगेंद्र तालु**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। नई नीति के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों के लिए राइट ऑफ वे मुआवजे से संबंधित 29 अप्रैल 2026 को जारी की गई नई अधिसूचना के खिलाफ प्रदेश के किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा व भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के बैनर तले भिवानी में सोमवार को किसानों ने इस नीति को पूरी तरह से किसान-विरोधी, असंवैधानिक और कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने वाली व्यवस्था करार दिया है।

किसानों ने इस संबंध में शहर में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई और नीति को वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने कहा कि हरियाणा सरकार की 29 अप्रैल 2026 की अधिसूचना पूरी तरह से मनमानी, अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक है। यह नीति किसानों के अधिकारों, हितों और उनकी सहभागिता को पूरी तरह कुचलने का काम कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने यह नीति केवल पावरग्रिड, एचवीपीएनएल और निजी ट्रांसमिशन कंपनियों को नाजायज लाभ पहुंचाने के लिए बनाई है। उन्होंने कहा कि इस नई नीति में संदर्भ बाजार दर निर्धारित करने के लिए जो व्यवस्था की गई है, वह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और भेदभाव से भरी है।

मार्केट रेट कमेटी की कार्रवाई में से भूमि स्वामियों की सार्थक भागीदारी को लगभग समाप्त कर दिया गया है। एमआरसी में किसानों की भूमिका को केवल एक औपचारिकता मात्र बनाकर छोड़ दिया गया है।

अगर सरकार ने इस विवादित अधिसूचना को तत्काल वापस नहीं लिया और किसानों के अधिकारों की रक्षा नहीं की, तो हरियाणा के प्रभावित भूमि स्वामी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए इस शांतिपूर्ण आंदोलन को और अधिक उग्र व तेज करने के लिए मजबूर होंगे।

### स्वतंत्र समीक्षा समिति का हो गठन

किसानों को बाजार दरों के मनमाने दमन से संरक्षण प्रदान किया जाए। प्रभावित किसानों एवं स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति का गठन किया जाए। 14 मई को तोशाम प्रकरण वाले रेटों को वापस लिया जाए, जो स्थापित पॉलिसी के खिलाफ हैं। 6 मई 26 को एसडीएम तोशाम द्वारा फाइनल किए गए रेटों को ही लागू किया जाए, जिससे किसानों को वास्तविक इंसाफ मिल सके। इस अवसर पर रामेहर बागनवाला, जंगबीर सिंह अलखपुरा, रमेश कुमार, अतर सिंह, नरेश कुमार, रमेशचंद्र, हरिराम, विजय, सोमबीर, श्याम सुंदर, ईश्वर सिंह बागनवाला, धर्म सिंह, रघुबीर सिंह, विरेंद्र कुमार, मनोज, सत्यवान, जयवीन, पवन, अमरजीत, प्रेम, अनिल कुमार, रोहताश कुमार, भाग सिंह, हरिकिशन सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

### 2025 की नीति को पुनः लागू किया जाए

तालु ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग है कि हरियाणा सरकार की 29 अप्रैल 2026 की विवादित अधिसूचना को तत्काल रद्द किया जाए। 21 मार्च 2025 की पूर्व किसान-हितैषी नीति को पुनः लागू किया जाए। मार्केट रेट कमेटी की कार्रवाई में प्रभावित किसानों की निष्पक्ष एवं प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो। मुआवजे का निर्धारण वास्तविक प्रचलित बाजार मूल्य एवं भविष्य की विकास संभावनाओं के आधार पर किया जाए। समान परिस्थितियों वाली परियोजनाओं के लिए सभी जिलों में एक समान मुआवजा नीति लागू की जाए।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

- नीट पेपर लीक मामला केवल धांधली नहीं, देश की शिक्षा व्यवस्था की हत्या है : जगवीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

देश के लाखों युवाओं के भविष्य और चिकित्सा क्षेत्र की साख से जुड़ी नीट यूजी-2026 परीक्षा में सामने आए पेपर लीक मामले को लेकर अब देश भर के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है।

भारतीय विद्यार्थी मोर्चा ने इस घोटाले के खिलाफ देशव्यापी मोर्चा खोलते हुए सोमवार को शहर में प्रदर्शन कर भिवानी जिला प्रशासन के माध्यम से देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस पूरे घटनाक्रम और छात्रों में पनप रहे भारी असंतोष को रेखांकित करते हुए भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के प्रदेश प्रभारी जगवीर दहिया ने सरकार और परीक्षा एजेंसियों को आड़े हाथों लिया है। प्रदेश प्रभारी जगवीर दहिया ने कहा कि नीट पेपर लीक कोई साधारण प्रशासनिक लापरवाही या अनियमितता नहीं है। यह सीधे तौर पर देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और हमारे करोड़ों वंचित-शोषित वर्ग के छात्रों के सामाजिक न्याय और समान अवसरों पर किया गया एक बड़ा हमला है।

# दस दिन में मंहगाई चार झटके

- दूल्हेड़ी कमेटी ने पेट्रोल-डीजल व गैस के दाम बढ़ोतरी का जताया विरोध, किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम




हाल ही में दस दिन में तीन बार बढ़ाए गए पेट्रोल, डीजल, सीएनजी के दामों तथा पिछले सप्ताह रसोई गैस, दूध आदि के दाम बढ़ोतरी के खिलाफ ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) की गांव कमेटी दुल्हेड़ी ने दूल्हेड़ी गांव में आलमपुर रोड पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, नारे लगाये और सरकार से दाम बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर संगठन के जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड फूलचंद सैनी ने कहा कि सरकार अमेरिकी साम्राज्यवाद के चंगुल से दूर रहे, वहां से महंगा कच्चा तेल न खरीदे और रूस-ईरान आदि देशों से या जहां से सस्ता मिलता है, वहां से खरीदे। इस दौरान संगठन के जिला प्रधान कॉमरेड रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में तेल के दाम बेहद गिर गये थे। उस समय भारत ने रणनीतिक भंडारण के नाम पर भारी मात्र में तेल कम दामों पर जमा किया था। लेकिन जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिला।


लोहारू। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए जिला उपप्रमुख सुनीता जांगड़ा व इलाके लोग। फोटो : हरिभूमि

# चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से मिली जिला उपप्रमुख सुनीता जांगड़ा

- चौ बंसीलाल कॉलेज में पीजी भवन निर्माण सहित कई मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से की मांग, सीएम ने दिलाया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

चौ बंसीलाल कॉलेज परिसर में पीजी भवन, छात्र छात्राओं आधुनिक सुविधाओं युक्त डिजिटल लाइब्रेरी और जांगड़ा समाज की लोहारू धर्मशाला के निर्माण सहित कई मांगों को लेकर जिला उप प्रमुख सुनीता जांगड़ा समाज के अनेक गणमान्य लोगों के साथ रविवार को चंडीगढ़ में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिली। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने लोहारू इलाके के हालाचाल जाने और सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर शीध्र पूरा करवाने भरोसा दिलाया। जिला उप प्रमुख सुनीता जांगड़ा और संजय जांगड़ा ने बताया कि रविवार को उन्होंने चंडीगढ़ में जांगड़ा समाज के जितेंद्र जांगड़ा, पूर्व पार्षद रामकिशन जांगिड़, रघुवीर सिंह, अमर सिह जांगिड़ और राजेश सहित कई लोगों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाकात की थी।

### विकास पर चर्चा की

उन्होंने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ इलाके विकास पर चर्चा की गई। उन्होंने युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में नए पीजी भवन का निर्माण करवाने, कॉलेज में नई डिजिटल लाइब्रेरी बनवाने, लोहारू में जागड़ा समाज की सार्वजनिक धर्मशाला बनवाने और लोहारू खंड के गांवों में विकास को गति देने सहित अनेक मुद्दों को लेकर मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को समय रहते पूरा करवाने का भरोसा दिलाया है।

# जनसंघर्ष समिति ने भेदभाव का आरोप लगाया

- सेक्टर 13 व 23 में तोड़े अनाधिकृत निर्माण पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। शिकायत सौंपते जनसंघर्ष समिति के जिला संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जनसंघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश व माकपा जिला सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास ने पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सैक्टर-13 व 23 में अनधिकृत निर्माण को हुडा द्वारा गिराए जाने के मुद्दे को उपायुक्त के समाधान शिविर में उठाया।

शिविर में सवाल उठाया कि सेक्टर नागरिक एसोसिएशन व सेक्टर क्षेत्रवासियों से तालमेल किए बगैर अंधाधुंध तरीके से अवैध निर्माण गिराते समय सीवरेज लाइनों को तोड़ा गया। सड़क के बराबर मकानों के आगे बगैर दीवार व जाली के फर्श तोड़े गए और भेदभाव पूर्ण तरीके अपनाकर कार्यवाही को अंजाम दिया, उससे पीड़ित नागरिकों में भारी रोष है और उनमें डर का माहौल बना दिया गया है। ये नागरिक अवैध निर्माण तोड़ने या कोर्ट के निर्णय का विरोध नहीं कर रहे थे, लेकिन जिस तरीके से सीवरेज व फर्श तोड़े गए और भेदभाव बरता गया, इसके प्रति लोगों में गुस्सा था। समिति नेताओं ने जिला प्रशासन से मांग की कि मामले की पूरी तरह से जांच करवाई जाए तथा नियमानुसार नागरिकों के घर के सामने 5.6 फुट की जगह छोड़ी जाए, जहां वे हरियाली लगा सकें।

### पार्कों से अवैध निर्माण हटाने की मांग

उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिको में भय पैदा किया जा रहा है तथा उनपर जुर्माना लगाने की हुडा प्रशासन योजना बना रहा है, जो सरासर अन्याय है। 25 वर्षों तक हुडा प्रशासन ने अवैध निर्माण हटाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। नागरिकों की कम, बल्कि हुडा प्रशासन की जवाबदेही ज्यादा है। उन्होंने सेक्टर 13 व 23 के सार्वजनिक पार्कों में अवैध निर्माण हटाने की मांग की है तथा हुडा प्रशासन से कहा कि वह मकानों के सामने अवैध निर्माण तोड़ने से पहले पार्कों के अवैध निर्माण को हटाने का काम करते तो सम्बन्धित नागरिक स्वयं ही अपनी अनाधिकृत दीवार व जाली हटा लेते और उनके सीवर व फर्श बच जाते। हुडा प्रशासन गरीबों पर जेसीबी मशीन चला देता है।

## शिव रतन गुप्ता बने भिवानी और चरखी दादरी जिला बार काउंसिल के अध्यक्ष



**भिवानी।** वैश्य इंटरनेशनल स्कूल भिवानी के संपूर्ण परिवार के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवशाली और हर्षोल्लास से भरा रहा क्योकि विद्यालय के माननीय, यशस्वी एवं दूरदर्शी अध्यक्ष शिव रतन गुप्ता जो एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता है, भिवानी और चरखी दादरी जिलों के बार काउंसिल (टैक्सेशन) के चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए । इस शानदार उपलब्धि पर वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. करतार सिंह जाखड़ और समस्त स्टाफ सदस्यों ने सहर्ष अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। विद्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष का फूल-मालाओं एवं तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया । बेमिसाल नेतृत्व और प्रखर विधिक सूझबूझ का प्रमाण शिव रतन गुप्ता का इस प्रतिष्ठित एवं गरिमापूर्ण पद पर चुना जाना उनके अद्वितीय, कुशल एवं प्रभावशाली नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानाचार्य ने कहा कि वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष के रूप में शिव रतन गुप्ता को एक मार्गदर्शक और प्रगतिशील विचारधारा के रूप में देखा है। इस अवसर पर पूरा स्कूल प्रशासन स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित और सौभाग्यशाली महसूस कर रहा था। समस्त स्टाफ ने ईश्वर से उनकी दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, असीम सुख-समृद्धि और जीवन में निरंतर प्रगति की प्रार्थना की ।

## प्रशासन के सहयोग से सुचारू रही गेहूं खरीद व्यवस्था को लेकर जताया आभार

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा अनाज मंडी में गेहूं खरीद और उठान व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित होने पर मंडी व्यापारियों और किसानों में संतोष का माहौल देखने को मिला। मंडी प्रधान सुखबीर भाकर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी सहित जिला व स्थानीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन और मंडी से जुड़े सभी अधिकारियों के सहयोग से खरीद प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक पूरी हुई। मंडी प्रधान सुखबीर भाकर ने कहा कि मुख्यमंत्री, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, सुंदर अत्री नपा अध्यक्ष बवानीखेड़ा तथा मंडी एसो.के सभी सदस्यों के सहयोग से मंडी में गेहूं का उठान समय पर हुआ।

## बारहवीं में अव्वल नंबर लाने पर मेघा शर्मा को किया सम्मानित


भिवानी। मेघा शर्मा को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा के परिणाम में मेघा शर्मा पुत्री राजेश शर्मा को 500 में से 485 नंबर 98 प्रतिशत अंक हासिल किए। टीम मैनेजर धार्मिक एवं सामाजिक मंच हालुवास द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मंच के संरक्षक रामअवतार शर्मा एवं भाजपा के मीडिया प्रभारी रीतिक वधवा ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व नकद राशि देकर सम्मानित किया। मेघा शर्मा के दादा कृष्ण मोहन शर्मा ने बताया कि मेघा बचपन से ही अपनी पढ़ाई की और विशेष ध्यान देती रही और लगभग 10 से 12 घंटे का समय अपनी पढ़ाई को देती है। इस उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का वातावरण है। मेघा का मिशन यूपीएससी की परीक्षा देना हैं। इस अवसर मंच के सदस्य बिजेंद्र मैनेजर, हेमंत तंवर, हरीश शर्मा, प्रधान बालाजी मंदिर कमेटी, मुरारीलाल, राजेश तंवर, ईश्वर सिंह जांगड़ा ने मेघा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# डीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

- परिवार पहचान पत्र, बिजली बिल, पानी व पेंशन से जुड़े मामलों में तुरंत समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न विभागों के कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ते और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं पर सुनवाई सुनिश्चित की जा रही है।

यह बात उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित हाल में समाधान शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए कही। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र, इंतकाल, बिजली बिल, राशन कार्ड, आय संशोधन तथा राजस्व विभाग से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुई।

### अधिकारी प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लें

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। सीएम विंडो, समाधान शिविर, जनसंवाद, एसएमजीटी और सीपीग्राम पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का तुरंत एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## शिक्षा अच्छे संस्कार एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की आधारशिला: फोगाट

*प्रदेश के मुख्यमंत्री के ओसीडी गजेन्द्र फोगाट ने किया वैश्य महाविद्यालय का दौरा*

# शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है।विद्यार्थियों के लिए शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की आधारशिला है यह बात मुख्यमंत्री के ओसीडी गजेन्द्र फोगाट ने वैश्य महाविद्यालय भिवानी का दौरा करते हुए कही। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए नशाखोरी,सुसाइट एवं डिप्रेशन से दूर रहते हुए आगे बढ़ने की सीख दी। आज हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेन्द्र फोगाट ने महाविद्यालय का दौरा किया। वर्ष 1944 में स्थापित वैश्य महाविद्यालय क्षेत्र की एक प्राचीन एवं गौरवशाली शिक्षण संस्था है।

### साफ-सफाई को सराहा

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, परीक्षा केंद्र अधीक्षक डॉ सुरेश कुमार,दो तरुणा यादव तथा कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। ओ एस डी गजेन्द्र फोगाट ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए परीक्षा व्यवस्था की सराहना की तथा नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय प्रशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में अनुशासन, पारदर्शिता एवं व्यवस्थाएं अत्यंत संतोषजनक हैं। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की भी विशेष रूप से सराहना की।

## महन्त कैलाश गिरी की स्मृति में बाबा सोमवार पुरी कुटिया में होगा जागरण

**बवानीखेड़ा।** बाबा सोमवारपुरी कुटिया धाम में पूजनीय महन्त श्री श्री 1008 बाबा कैलाशगिरी की पावन स्मृति में आगामी 2 और 3 जून को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रविश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत बाबा सोमवारपुरी सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भावभीनी श्रद्धांजलि, जागरण एवं षोडशी भंडारा आयोजित होगा।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : मैन रोड, नजदीक बस स्टैंड, पुरानी एल.आई.सी. वाली गली, चरखी दादरी
9050035973, 8930848242